SHAH TIMES
12 SEPTEMBER,2019

# वन अनुसंधान संस्थान परिसर में मनाया गया राष्ट्रीय वन शहीद दिवस




शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। वन अनुसंधान संस्थान परिसर में स्थित वन शहीद स्मारक के प्रांगण में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया गया। यह दिवस वनों तथा वन्यजीव की सुरक्षा को अपने जीवन का बलिदान करने वाले वन रक्षकों की याद में मनाया गया।

इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के महानिदेशक डा. एससी गैरोला, वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक अरूण सिंह रावत, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के निदेशक ओमकार सिंह, सुप्रीम कोर्ट मॉनीटरिंग कमेटी के सचिव एमसी घिल्डियाल, रीजनल कार्यालय के एडीशनल पीसीसीएफ पंकज अग्रवाल मौजूद थे।

वन शहीद दिवस के इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् व वन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण, केन्द्रीय राज्य वन प्रशिक्षण अकादमी के ट्रेनीज, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थी, रीजनल ऑफिस के अधिकारी, कर्मचारी, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन वन शहीदों की याद में दो मिनट के मौन के साथ सम्पन्न हुआ।

GADH SAMVEDNA
12 SEPTEMBER,2019

## एफआरआई में मनाया गया वन शहीद दिवस

# महानिदेशक डा. एससी गैरोला समेत तमाम अधिकारियों व कर्मियों ने याद किया शहीद वन रक्षकों को

**देहरादून, गढ़ संवेदना संवाददाता।** वन अनुसंधान संस्थान परिसर में स्थित ''वन शहीद स्मारक'' के प्रांगण में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया गया। यह दिवस वनों तथा वन्यजीव की सुरक्षा हेतु अपने जीवन का बलिदान करने वाले वन रक्षकों की याद में मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के महानिदेशक डा0 एस0सी0 गैरोला, वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक अरूण सिंह रावत, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के निदेशक ओमकार सिंह, सुप्रीम कोर्ट मॉनीटरिंग कमेटी के सचिव एम0सी0 घिल्डियाल, रीजनल कार्यालय के एडीशनल पी0सी0सी0एफ0 पंकज अग्रवाल मौजूद थे।




वन शहीद दिवस के इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् व वन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण, केन्द्रीय राज्य वन प्रशिक्षण अकादमी के ट्रेनीज, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थी, रीजनल ऑफिस के अधिकारी, कर्मचारी, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन वन शहीदों की याद में दो मिनट के मौन के साथ सम्पन्न हुआ।

PUNJAB KESARI
12 SEPTEMBER,2019

# हमेशा याद रहेंगे शहीद हुए वनकर्मी

## राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर याद किए गए जंगलों के लिए जान देने वाले जांबाज

देहरादून, 11 सितंबर (स.ह.) : राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शहीद वनकर्मियों को याद किया गया।

बुधवार को भारतीय वन अनुसंधान संस्थान परसिर स्थित वन शहीद स्मारक प्रांगण में शहीद स्मारक दिवस मनाया गया। इस मौके पर भारतीय वन अनुसंधान शिक्षा परिषद के महानिदेशक एससी गैरोला, भारतीय वन अनुसंधान संस्थान के निदेशक अरुण सिंह रावत, इंदिरा गांधी वन अकादमी के निदेशक डा. ओंकार सिंह,



सुप्रीम कोर्ट मानिटरिंग कमेटी के सचिव एमसी घिल्डियाल, क्षेत्रीय कार्यालय के अपर पीसीसीएफ पंकज अग्रवाल समेत आईसीएफआरई व एफआरआई के अधिकारी, वैज्ञानिक, कार्मिक व शोध छात्र शामिल रहे। इस मौके पर दो मिनट का मौन रख कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

दूसरी तरफ, तिलक रोड पर शिवालिक वन संरक्षक कार्यालय परिसर में स्थित वन शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर प्रमुख मुख्य वन संरक्षक जयराज ने कहा कि वन एवं पयार्वरण को बचाने में वन कर्मियों का बड़ा योगदान रहा है। प्रदेश में वन कर्मियों ने शहादत दी हैं। वनों व वन्य जीव जगत को बचाना व इनका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही उनकी स्थिति की जानकारी हासिल की जाएगी। इस मौके पर प्रमुख वन संरक्षक रंजना काला, मुख्य वन संरक्षक मनोज चंद्रन, जितेंद्र गुसाईं अध्यक्ष उप वन क्षेत्राधिकारी संघ ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक बीके गांगटे, वन संरक्षक पीके पात्रो, प्रभागीय वनाधिकारी राजीव धीमान, सहायक वन संरक्षक बीबी मर्तोलिया, विनय मोहन आदि भी शामिल रहे।

## अब तक उत्तराखंड के 27 वनकर्मी हुए हैं शहीद

भुवन चंद्र जोशी, प्रकाश चंद्र खोलिया, मोहन चंद्र पांडे, प्रताप सिंह अल्बोनी, रामअवतार, पान सिंह बिष्ट, रविभूषण शुक्ला,. हरपाल सिंह बिष्ट, नरेश चौहान, भुवन चंद्र पंत,आफताब हुसैन, असगर अली, उदय सिंह, हरि प्रसाद भदूला, युद्धवीर सिंह, बहादुर सिंह बिष्ट, राजपाल सिंह, भूपाल सिंह, शांति प्रसाद सेमवाल, धूम सिंह कठैत, भारत सिंह बिष्ट, चैत सिंह, मनवर सिंह, पहलवान सिंह, बहादुर सिंह, सोहन सिंह आदि वन करमी शहीद हुए हैं।

UTTAR BHARAT LIVE
12SEPTEMBER,2019

# राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया गया




**उत्तर भारत लाइव ब्यूरो**

uttarbharatlive.com

**देहरादून।** वन अनुसंधान संस्थान परिसर में स्थित ''वन शहीद स्मारक'' के प्रांगण में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया गया। यह दिवस वनों तथा वन्यजीव की सुरक्षा हेतु अपने जीवन का बलिदान करने वाले वन रक्षकों की याद में मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के महानिदेशक डा. एससी गैरोला, संस्थान के निदेशक अरूण सिंह रावत, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के निदेशक ओमकार सिंह, सुप्रीम कोर्ट मॉनीटरिंग कमेटी के सचिव एमसी घिल्डियाल, रीजनल कार्यालय के एडीशनल पीसीसीएफ पंकज अग्रवाल मौजूद थे।

वन शहीद दिवस के इस अवसर पर परिषद् व वन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण, केन्द्रीय राज्य वन प्रशिक्षण अकादमी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थी, रीजनल ऑफिस के अधिकारी, कर्मचारी, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन वन शहीदों की याद में दो मिनट के मौन के साथ सम्पन्न हुआ।

DAINIK JAGRAN
12 SEPTEMBER,2019

# एफआरआइ में वन शहीदों को किया नमन

देहरादून: वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ) ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर वन व वन्यजीवों की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले शहीद कार्मिकों को नमन किया। बुधवार को एफआरआइ परिसर स्थित वन शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आइसीएफआरई) के महानिदेशक डॉ. एससी गैरोला ने कहा कि दुरुह वनों में अपनी जिम्मेदारी को सर्वोपरि मानने वाले कार्मिकों से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। वन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में एफआरआइ के निदेशक एएस रावत, आइजीएनएफए के निदेशक ओमकार सिंह, सुप्रीम कोर्ट मॉनिटरिंग कमेटी के सचिव एमसी घिल्डियाल, अपर प्रमुख वन संरक्षक पंकज अग्रवाल आदि शामिल रहे। (जासं)

I-NEXT
12 SEPTEMBER,2019

# एफआरआई में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (11 Sept.):** एफआरआई परिसर में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया गया. यह दिवस वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए जीवन का बलिदान करने वाले वन रक्षकों की याद में मनाया गया. इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के महानिदेशक डा एससी गैरोला, एफआरआई के डायरेक्टर अरुण सिंह रावत, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन एकेडमी के डाइरेक्टर ओमकार सिंह, सुप्रीम कोर्ट मॉनीटरिंग कमेटी के सचिव एमसी घिल्डियाल, रीजनल कार्यालय के एडिशनल पीसीसीएफ पंकज अग्रवाल आदि उपस्थित थे. इस मौके पर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया.

**वनों की रक्षा करते हुए जान देने वालों को दी गई श्रद्धांजलि**

THE PIONEER
12 SEPTEMBER,2019

# National Forest Martyrs Day observed at FRI




**PNS** ■ DEHRADUN

To commemorate foresters who had laid down their lives to protect forests and wildlife, National Forest Martyrs Day was observed on Wednesday at Forester Memorial in the Forest Research Institute.

The director general of Indian Council of Forestry Research and Education, SC Gairola, FRI director Arun Singh Rawat, Indira Gandhi National Forest Academy director Omkar Singh, Supreme Court monitoring committee secretary MC Ghildiyal, additional principal chief conservator of forests at Dehradun regional office, Pankaj Aggarwal other senior forest officials, scientists and employees of ICFRE and FRI paid floral tributes on the foresters memorial at FRI to honour and remember all men and women who have given the ultimate sacrifice for forests and wildlife. National Forest Martyrs Day was also attended by a large number of employees from ICFRE and FRI, IGNFA, IFS probationers and CASFoS trainees. A two-minute silence was observed in memory of the martyrs.

**National Forest Martyrs Day was also attended by a large number of employees from ICFRE and FRI, IGNFA, IFS probationers and CASFoS trainees**

THE HAWK
12 SEPTEMBER,2019

# National Forest Martyrs Day Observed At FRI




**Dehradun:** To commemorate foresters who had laid down their lives to protect forests and wildlife, National Forest Martyrs Day was observed today on 11 September, 2019 at Forester Memorial, Brandis Road, Forest Research Institute, Dehradun campus. Dr S.C. Gairola, Director General, Indian Council of Forestry Research and Education; Sh. Arun Singh Rawat, Director, Forest Research Institute; Sh. Omkar Singh, Director, Indira Gandhi National Forest Academy; Sh. M.C. Ghildiyal, Secretary, Supreme Court Monitoring Committee; Sh. Pankaj Aggarwal, APCCF, Regional Office, Dehradun, Senior Forest officials, Scientists and employees of ICFRE & FRI paid floral tributes on the foresters memorial at FRI to honour and remember all men and women who have given the ultimate sacrifice for forests and wildlife. National Foresters Martyrs Day was also attended by a large number of employees from ICFRE and FRI, IGNFA IFS Probationers, CASFoS trainees. A two-minute silence was observed in memory of the martyr's ends.